राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/Acad./Gyan Sudha/2020/...1356

दिनांक : 24...... Dec. 2020

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

ज्ञान सुधा कार्यक्रम
नव वर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं

विषय : प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों / युवाओं को निःशुल्क तैयारी करवाने के लिये परीक्षा आधारित ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम के संबंध में।

संदर्भ : विभाग द्वारा दिनांक 02 नवम्बर 2020 को हस्ताक्षरित MoUs के क्रम में।

लेख है कि विभाग द्वारा संस्था विकास, शिक्षक ज्ञान संवर्द्धन एवं विद्यार्थी हित केन्द्रित 7 MoUs हस्ताक्षरित किये गये हैं। इनमें से 02 संस्थाओं– USHA एवं मानव निर्माण एवं विश्व शांति संस्थान, द्वारा विद्यार्थियों एवं युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क सहायता, मार्गदर्शन, विषय ज्ञान निर्देशन, स्व–मूल्यांकन आदि प्रयासों द्वारा मदद करने के लिये प्रस्ताव दिया गया है।

इसी दिशा में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये निःशुल्क सहायता एवं मार्गदर्शन हेतु "ज्ञान सुधा" कार्यक्रम आरम्भ किया गया है। इस "ज्ञान सुधा" कार्यक्रम के अन्तर्गत इन 02 संस्थाओं– USHA एवं मानव निर्माण एवं विश्व शांति संस्थान के साथ मिलकर महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं यथा IAS, RAS आदि की तैयारी हेतु ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम आरम्भ करवाये जा रहे हैं, जिनमें नवीनतम परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्नों के व्याख्यात्मक हल एवं तैयारी हेतु विषय ज्ञान संवाद आयोजित करवाये जायेंगे। इस प्रयोजन से ना केवल प्रतियोगी परीक्षा दक्षता सवंर्द्धन होगा, वरन विषय ज्ञान अभिवृद्धि भी होगी।

अतः उपर्युक्त सन्दर्भ में लेख है कि इस कार्यक्रम में –

1. विद्यार्थियों / युवाओं की अधिकाधिक सहभागिता के लिये महाविद्यालय अपने स्तर पर स्थानीय समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित करवायें ताकि आम जन तक इस जानकारी को पहुंचाया जा सके।
2. प्रथम चरण में नवीनतम प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों का व्याख्यात्मक हल करने हेतु **"परीक्षा मंथन"** कार्यक्रम आयोजित करवाया जा रहा है। जिसमें इन प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे गये विषयवार प्रशनों का **"एक प्रश्न–एक विशेषज्ञ"** की तर्ज पर ऑनलाइन प्रत्योत्तर दिया जायेगा।
3. इसके उपरान्त द्वितीय चरण में, विभिन्न विषयों की तैयारी के लिये मार्गदर्शन हेतु **"विषय ज्ञान संवाद"** कार्यक्रम आयोजित करवाया जायेगा। जिसमें इन प्रतियोगी परीक्षाओं की "तैयारी कैसे करें" से लेकर विभिन्न विषयों के महत्वूर्ण टॉपिक्स पर चर्चा की जायेगी।

4. जो संकाय सदस्य Resource Person अथवा लाभार्थी रुप में स्वेच्छा से जुडना चाहें, जुड सकते हैं। युवाओं के भविष्य निर्माण में शिक्षक भूमिका को सम्बलन के लिये इस प्रयोजनार्थ सभी शिक्षकों से अपेक्षा रहेगी कि वे अपने विषय में प्रतियोगी इच्छुक युवाओं के मार्ग दर्शन के लिये आगे आयें। तथापि, यह पूर्णतः स्वैच्छिक है।
5. इन कार्यक्रमों के संबंध में इन दोनों सहयोगी संस्थाओं– USHA एवं मानव निर्माण एवं विश्व शांति संस्थान, द्वारा प्रेषित/साझा कार्यक्रमों/जानकारी के अनुरुप सभी लाभार्थी इस अभिनव पहल का लाभ ले सकते हैं।
6. यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क हैं और इनके लिये विभाग/महाविद्यालय/संकाय सदस्यों/विद्यार्थियों पर कोई वित्तीय भार नहीं होगा।
7. इन ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिये योजना निर्माण, प्रचार प्रसार सहयोगी संस्थाओं– USHA एवं मानव निर्माण एवं विश्व शांति संस्थान, द्वारा किया जायेगा। तथापि, महाविद्यालय स्तर से इन कार्यक्रमों के बारे में समाचार प्रकाशित करवाना एवं सूचना पट्टों के माध्यम से विद्यार्थियों को सूचित किया जाना अपेक्षित है।
8. इन ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिये ऑनलाइन प्लेटफार्म्स की व्यवस्था सहयोगी संस्थाओं– USHA एवं मानव निर्माण एवं विश्व शांति संस्थान, द्वारा की जायेगी।

सभी DRAC अध्यक्ष प्राचार्य अपने–अपने जिलों में इस योजना के अधिकाधिक प्रचार प्रसार का प्रबंधन करें।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी/मार्गदर्शन हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर में ज्ञान सुधा कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी डा. सौमित्र नाथ झा से उनके मोबाइल नं. 9928520501 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

सन्देश नायक, IAS
आयुक्त

पत्रांकः CCE/Acad./Gyan Sudha/2020/.1356   दिनांकः 24 दिसम्बर 2020
सूचनार्थ प्रतिलिपिः

1. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सचिव, आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. समसत संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
5. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान।
6. सभी प्रभारी अधिकारी, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर।
7. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
8. रक्षित पत्रावली।

24.12.20
डा. जी. के. सोनी
संयुक्त निदेशक, अकादमिक